दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### हेलीपेड लाल मैदान, डिग्री कालेज एवं आसपास का 3 कि.मी. क्षेत्र 'नो ड्रोन फ्लाई जोन' घोषित

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 3 दिसम्बर को रायगढ़ प्रवास पर आयेंगे। जिसके मद्देनजर हेलीपेड लाल मैदान, डिग्री कालेज रायगढ़ में लैडिंग, उड़ान एवं मुख्यमंत्री के रायगढ़ प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए हेलीपेड लाल मैदान, डिग्री कालेज, रायगढ़ एवं संपूर्ण कार्यक्रम स्थल के 3 कि.मी.के आसपास का क्षेत्र को 'नो ड्रोन फ्लाई जोनÓ घोषित किया गया है।

### 3 दिसम्बर को कलेक्टर जनदर्शन स्थगित

**रायगढ़।** महत्वपूर्ण तथा अपरिहार्य प्रशासनिक कारणों से 3 दिसम्बर 2024 को आयोजित होने वाली साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम स्थगित रहेगा। साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम आगामी 10 दिसम्बर 2024 दिन मंगलवार को अपने निर्धारित समयानुसार में होगी।

### विधानसभा का चतुर्थ सत्र 16 से 20 दिसम्बर तक

**अधिकारी-कर्मचारी सक्षम प्राधिकारी के पूर्वानुमति के बिना न ही अवकाश पर रहेंगे और न ही मुख्यालय त्यागेंगे**

**कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जारी किया आदेश**

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के षष्ठम विधानसभा का चतुर्थ सत्र सोमवार 16 दिसम्बर से प्रारंभ होकर शुक्रवार 20 दिसम्बर तक चलेगा। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने एक आदेश जारी किया है जिसमें उक्त अवधि में प्राप्त होने वाले तारांकित/अतारांकित विधानसभा प्रश्नों, स्थगन, शून्यकाल, आश्वासनों, ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प, याचिका आदि तथा लोक लेखा समिति से संबंधित पत्राचार/ जानकारी निर्धारित समयावधि में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के समस्त विभागों में पदस्थ/ कार्यरत समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को उक्त विधानसभा सत्र के दौरान सक्षम प्राधिकारी की पूर्वानुमति के बिना न ही अवकाश पर रहेंगे और न ही मुख्यालय त्यागेंगे।

### मांड उच्च स्तरीय सेतु पर मरम्मत कार्य के चलते 12 दिसम्बर तक भारी वाहनों को किया गया प्रतिबंधित

**रायगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 216 (नया क्र.-153)के कि.मी.27/8-10 में विद्यमान माण्ड उच्च स्तरीय सेतु का मरम्मत कार्य प्रगति पर है। प्रगतिरत कार्य में एक्सपांसन ज्वाइंट बदलने एवं मॉस्टीक एस्फाल्ट का कार्य किए जाने हेतु सेतु में परिचालित होने वाले भारी वाहनों को 12 दिसम्बर 2024 तक प्रतिबंधित किया गया है। प्रतिबंध के दौरान उक्त यातायात को वैकल्पिक मार्ग को रायगढ़ से सराईपाली व्हाया कोड़ातराई-पुसौर-सरिया-बरमकेला-दानसरा होते हुए परिचालित किया गया है।

### युवाओं को अपने विचार विश्व के सामने प्रस्तुत करने चाहिए - राज्यपाल

**राज्यपाल ने विकसित भारत चौलेंज में भाग लेने की अपील की**



**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में नेहरू युवा केंद्र संगठन के राज्य निर्देशक अतुल निकम ने मुलाकात कर राज्यपाल को विकसित भारत चौलेंज के संबंध में जानकारी दी। राज्यपाल रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ के युवाओं से विकसित भारत चौलेंज में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह युवाओं के लिए अवसर है कि वे अपने विचारों को विश्व के बदलाव कर्ताओं के सामने प्रस्तुत कर और भारत के विकास यात्रा में सार्थक योगदान देन सकते है। उल्लेखनीय है कि विकसित भारत चैलेंज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के नेतृत्व में आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य युवाओं को अपनी रचनात्मकता और नवाचार के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में योगदान देना है। यह बहु-चरणीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता युवाओं को अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का एक अनूठा मंच प्रदान करती है। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी अर्पित तिवारी भी उपस्थित थे।

# रायगढ़ में सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार छात्रों को देंगे सफलता के टिप्स

- वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी की पहल से आयोजित होने जा रहा है करियर गाइडेंस सेमिनार
- रायगढ़ के रामलीला ग्राउंड में 3 दिसंबर को शाम 4.30 बजे से आयोजित होगा सेमिनार

**रायगढ़**



रायगढ़ के रामलीला मैदान में वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी की पहल से एक महत्वपूर्ण करियर सेमिनार का आयोजन 3 दिसंबर को होने जा रहा है, जिसमें सुपर 30 के संस्थापक और गणितज्ञ आनंद कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होंगे। इस सेमिनार में वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और सफलता के टिप्स देंगे। उनके साथ छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी भी युवाओं को शिक्षा और करियर के क्षेत्र में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। रामलीला मैदान में यह सेमिनार शाम 4.30 बजे से शुरू होगा।

आनंद कुमार, जो प्रसिद्ध सुपर 30 कोचिंग संस्थान के संस्थापक हैं, ने अपनी मेहनत और समर्पण से कई गरीब और वंचित छात्रों को आईआईटी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में प्रवेश दिलवाया है। वे इस सेमिनार में छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की रणनीतियों के बारे में अपने अनुभव साझा करेंगे। वहीं ओ.पी. चौधरी भी युवाओं को शिक्षा और करियर संबंधी जानकारी और मार्गदर्शन देंगे। उनका मानना है कि आज के युवा को सही दिशा और मार्गदर्शन की आवश्यकता है, ताकि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। यह कार्यक्रम इंटरैक्टिव मोड में होगा।

**सुपर-30 विश्व स्तर पर है ख्याति प्राप्त, इस पर बन चुकी है फिल्म**

बिहार के पटना में संचालित सुपर 30 कोचिंग विश्व स्तर पर ख्याति प्राप्त है। आनंद कुमार इसके संस्थापक है। उन्होंने स्वयं काफी गरीबी अभावों के बीच पढ़ाई की और कैंब्रिज विश्वविद्यालय के लिए चयनित हुए। वे चाहते थे कि गरीबी बच्चों के शिक्षा में बाधक न बने। इसी सोच के साथ उन्होंने सुपर 30 की शुरुआत की। जहां वंचित वर्ग के प्रतिभाशाली बच्चों को आईआईटी की नि:शुल्क कोचिंग दिया जाता है। यहां से पढ़े बच्चे आज सफलता के ऊंचे पायदान पर हैं। सुपर 30 को शिक्षा के क्षेत्र में एक नई सोच और अभिनव पहल के रूप में प्रसिद्धि हासिल है। आनंद कुमार और सुपर 30 की इस अद्भुत यात्रा पर फिल्म भी बन चुकी है। जिसमें प्रसिद्ध अभिनेता रितिक रोशन ने आनंद कुमार का किरदार निभाया है।

## जिंदल कंपनी के गेट नंबर-2 के सामने खड़े डीजल टैंकर में लगी आग, काबू पाने में जुटा दमकल विभाग



**रायगढ़ | आरएनएस**

जिले में रविवार को जेपीएल के गेट नंबर-2 के पास खड़ी डीजल टैंकर में अचानक आग लग जाने से हडक़ंप की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की जानकारी के बाद तमनार पुलिस के आलावा फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई है।

जानकारी के मुताबिक, तमनार थाना क्षेत्र मे स्थिति जिंदल कंपनी के गेट नंबर-2 के सामने खड़ी डीजल टैंकर मे रविवार की सुबह अचनाक आग लग गई और देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप अख्तियार कर लिया। बताया जा रहा है कि आगजनी की इस घटना के समय डीजल टैंकर मे डीजल भर हुआ था। आगजनी की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और तमनार थाने की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। आग बुझाने दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत जारी है।

प्रारंभिक जांच मे बताया जा रहा है कि खड़ी गाड़ी मे शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। इस घटना मे अभी तक कोई हताहत नहीं हुई है। सुरक्षा के लिहाज से आसपास के क्षेत्र को खाली करा लिया गया है।

## महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**रायगढ़**

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर 10 दिसम्बर तक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आज दिल्ली पब्लिक स्कूल रायगढ़ में बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग होने के लिए कानूनी जानकारी में घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर लैगिंक उत्पीडऩ (सी बाक्स में शिकायत), मानव तस्करी, बाल विवाह, साईबर अपराध, महिला हेल्प लाईन, सखी वन स्टॉप सेंटर आदि के विषय में जानकारी देते हुए स्वयं के प्रति समझदारी व जिम्मेदारी के साथ जागरूक होने के लिए विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग से चैताली राय, महिला संरक्षण अधिकारी, विनिता गुप्ता केन्द्र प्रशासक, सरिता श्रीवास्तव जेण्डर विशेषज्ञ एवं चन्द्रकला वर्मा, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक उपस्थित रहे।

## रामलला दर्शन के लिए जिले का सातवां जत्था हुआ रवाना, 108 दर्शनार्थी हुए शामिल, मुख्यमंत्री का जताया आभार

- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिले के दर्शनार्थियों को मिल रहा रामलला का दर्शन

**रायगढ़**



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य के निवासियों को अयोध्या में रामलला के दर्शन कराने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रारंभ रामलला दर्शन योजना से बड़ी संख्या में जिले के दर्शनार्थी लाभान्वित हो रहे है। इस योजना से न सिर्फ दर्शनार्थियों को राम लला के दर्शन का लाभ मिल रहा है बल्कि उनके मन में राम के प्रति भरी अकूत श्रद्धा को भी बल मिल रहा है।

जिले से इस बार रामलला दर्शन के लिए सातवां जत्था 105 दर्शनार्थी एवं 03 सहयोगियों सहित कुल 108 लोगों का दल अयोध्या धाम जा रहे है। 108 लोगों में से 78 यात्री ग्रामीण वहीं 27 यात्री शहरी क्षेत्रों के हैं। प्रशासन की ओर से 02 सहयोगी यात्रियों के सहयोग और यात्रा के दौरान समन्वय बनाने के लिए साथ जा रहे है। वहीं 01 चिकित्सीय स्टाफ भी मौजूद है। रामलला दर्शन योजना के तहत जिले से आज सातवां जत्था बिलासपुर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन से रवाना हुआ। जो दर्शन पश्चात 05 दिसम्बर को दर्शनार्थियों का यह जत्था वापस लौटेगा।

विकासखंड धरमजयगढ़ के ग्राम दर्रीडीह निवासी मुन्ना लाल ने कहा कि हम कभी सोचे नहीं थे कि रामलला दर्शन का सौभाग्य मिलेगा, लेकिन शासन की योजना से माध्यम से उन्हें जाने का मौका मिला हैए और बहुत खुशी हो रही है। इसी तरह चांदमारी रायगढ़ निवासी झूलो बाई कहती कि रामलला दर्शन के लिए रवाना हुए है। यह उनके लिए सौभाग्य का पल है कि मैं प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या जा रही हूं।

तमनार निवासी सुभाषिनी पटनायक ने कहा कि प्रभु राम के दर्शन की इच्छा तो थी, लेकिन इतनी जल्दी पूरी होगी यह नहीं सोचा था, लेकिन आज शासन की रामलला दर्शन योजना से हमारा यह सपना पूरा होने जा रहा है। सभी तीर्थयात्रियों ने रामलला दर्शन योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन की बहुत अच्छी योजना है। सभी ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

## नालंदा परिसर : ज्ञान आधारित समाज निर्माण की ओर एक कदम

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायगढ़ में बनने जा रहे प्रदेश के सबसे बड़े नालंदा परिसर का करेंगे भूमिपूजन

**रायगढ़**



रायगढ़ अंचल के युवाओं को एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। रायगढ़ में प्रदेश के सबसे बड़े नालंदा परिसर का निर्माण होने जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 3 दिसंबर को इसका भूमिपूजन करेंगे। अंचल के युवाओं के लिए वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी की परिकल्पना अब धरातल पर मूर्त रूप लेने के लिए तैयार है। नालंदा परिसर एक अत्याधुनिक लाइब्रेरी होगी। इसमें वह सारी सुविधाएं होगी जो अमूमन बड़े शहरों और विश्वविद्यालयों की लाइब्रेरी में देखने को मिलती है। इसमें आने वाले समय के मांग और जरूरतों के अनुसार सुविधा संसाधन होंगे। यहां अध्ययन-अध्यापन का एक ऐसा इको सिस्टम छात्रों को मिलेगा, जिससे वे खुद को प्रदेश के साथ राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए खुद को तैयार कर सकें।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी का मानना है कि ज्ञान आधारित समाज में उज्ज्वल भविष्य के लिए असीम संभावनाएं होती हैं। आज अगर हम वैश्विक और राष्ट्रीय परिदृश्य में देखें तो समाज में जिन्हें चेंज मेकर के रूप में देखा जाता है उन सभी ने ज्ञान को अपनी सफलता का आधार बनाया। सफलता के स्थापित मापदंडों के अलावा आज तकनीक आधारित उद्यमिता में सफलता के जो मुकाम तय किए जा रहे हैं, ज्ञान ही उसकी बुनियाद है। युवाओं को सही मार्गदर्शन और सुविधाएं मिलें तो वे अपने भविष्य की मजबूत राह बना सकते हैं।

रायगढ़ के मरीन ड्राइव में सर्वसुविधायुक्त नालंदा परिसर का निर्माण होगा। यह प्रदेश का सबसे बड़ा नालंदा परिसर होगा। इसके लिए नगर निगम और एनटीपीसी के मध्य 42 करोड़ 56 लाख का करार हुआ है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा टेंडर जारी कर दिया गया है। नालंदा परिसर स्मार्ट लाइब्रेरी व स्टडी जोन होगा। हजारों किताबों के संग्रह के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ई-बुक एक्सेस करने की भी सुविधा होगी। स्मार्ट लर्निंग पर फोकस होगा। 24x7 वाईफाई और इंटरनेट की सुविधा भी छात्रों को यहां मिलेगी। सिविल सर्विसेज के साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग, क्लैट की तैयारी के साथ मैथ्स ओलिंपियाड के लिए भी किताबें यहां होगी।

करियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन होगा। 5 वीं के बाद बच्चों को नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए तैयारी हेतु एक किड्स स्टडी जोन और किड्स लाइब्रेरी भी अलग से तैयार होगा। जहां उनके सिलेबस के अनुसार किताबें और स्टडी मटेरियल उपलब्ध रहेगा। कॉन्फ्रेंस हाल के साथ कैफेटेरिया भी होगा।

**मुख्यमंत्री 135 करोड़ 09 लाख के विकास कार्यों की देंगे सौगात**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस अवसर पर रायगढ़ को 135 करोड़ 09 लाख के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात भी देंगे। इसमें 97 करोड़ 51 लाख के 69 कार्यों का लोकार्पण और 37 करोड़ 58 लाख के 13 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 3 दिसम्बर को रहेंगे रायगढ़ के एक दिवसीय प्रवास पर

- नालंदा परिसर सहित विभिन्न विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन एवं लोकार्पण
- उत्कल ब्राम्हण सम्मेलन में होंगे शामिल

**रायगढ़**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 3 दिसम्बर को एक दिवसीय रायगढ़ प्रवास पर आयेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री साय नालंदा परिसर का भूमिपूजन करेंगे। साथ ही उत्कल ब्राम्हण सम्मेलन में शामिल होंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री साय प्रात: 11.05 बजे पुलिस ग्राउण्ड हेलीपेड रायपुर से प्रस्थान कर प्रात: 11.55 बजे डिग्री कालेज लाल मैदान हेलीपेड, रायगढ़ पहुचेंगे। दोपहर 12 बजे से 01 बजे तक वे नगर पालिक निगम ऑडिटोरियम में आयोजित उत्कल ब्राम्हण सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिसके पश्चात दोपहर 1.05 बजे से दोपहर 1.20 बजे तक वे नालंदा परिसर के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री साय दोपहर 2.05 बजे से 3.30 बजे तक शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण, भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिसके पश्चात अपरान्ह 3.35 बजे डिग्री कालेज लाल मैदान, रायगढ़ से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जिला स्तरीय कला उत्सव में बच्चों ने फहराया परचम, 7 विकासखंडों के विद्यार्थियों ने लिया भाग, लगभग 65 बच्चों ने की सहभागिता

**रायगढ़**






माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पहचानने उसे पोषित करने एवं शिक्षा में कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 में कला उत्सव का विषय वस्तु विकसित भारतवर्ष-2047 में भारत के लिए एक दृष्टिकोण है। कला उत्सव स्कूलों में उत्सव की वह पहल है जो प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है। यह प्रतियोगिता जिला/ राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होती है।

रायगढ़ जिले में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के निर्देशन तथा जिला शिक्षा अधिकारी के व्ही राव तथा जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में पूरे उत्साह के साथ पीएमश्री नटवर इंग्लिश स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कला उत्सव में रायगढ़ जिले के 07 विकास खंडों से लगभग 65 बच्चों ने अपनी सहभागिता विभिन्न प्रतियोगिता में दर्ज कराई। कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एवं एडीपीओ आलोक स्वर्णकार ने बताया कि विकासखंड से चयनित बच्चे जिला स्तर पर अपनी सहभागिता उत्कृष्टता के साथ दर्ज कराया। जिला स्तर में चयनित सभी विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त बच्चों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो की रायपुर में आयोजित होनी है जिसमें अपनी सहभागिता दर्ज कराएंगे। आज आयोजित इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में संगीत गायन एकल एवं समूह प्रस्तुति जिसमें शास्त्रीय, पारंपरिक भक्ति, समूह गान तथा लोक आदिवासी भक्ति एवं देश भक्ति गीतों से संबंधित रही। संगीत वादन में एकल एवं समूह प्रस्तुति जो कि शास्त्रीय, लोक, वाद्य, आर्केस्ट्रा समूह लोक एवं शास्त्रीय स्तर की रही, जो कि शास्त्री लोक, जनजातीय एवं गैर फिल्मी स्तर की थी।

नाटक प्रतियोगिता एकल मोनो एक्ट मिमिक्री माइम रही। दृश्य कला में चित्रकला, चित्रकारी, स्वदेशी खिलौने, कार्टून एवं कैरीकेचर, स्वदेशी खिलौने, स्थानीय शिल्प पर आधारित थे। पारंपरिक कहानी वाचन में बच्चों की कहानी वाचन कला को आंकलन किया गया। उपरोक्त 6 विधाओं के लिए जिले के 18 विशेषज्ञों के माध्यम से प्रदर्शन के बाद उनकी कला का आंकलन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कला एवं शिक्षा जब दोनों साथ-साथ चलते हैं तब बच्चन का संपूर्ण विकास संभव हो पाता है तथा हमारे अंदर अंतर्निहित इन प्रकार की कलाओं के माध्यम से हमें विभिन्न प्रकार के विषम परिस्थिति में मानसिक थकान महसूस नहीं होती। जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र चौधरी ने कहा कि रायगढ़ जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और यह एक कला के रूप में जाना जाता है तथा उन्होंने बच्चों से अपनी कला को ईमानदारी से निखारते हुए राज्य में अपनी सहभागिता के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ एपीसी भुवनेश्वर पटेल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकासखंड स्रोत समन्वयक मनोज अग्रवाल, राजकमल पटेल, सौरभ पटेल, वीर सिंह, भूपेश पडा, शैलेंद्र नंदे बेनी, प्रदीप साहनी, विकास मिश्रा, गायत्री स्वर्णकार, यशवंती, अर्चना मैडम मेघा अग्रवाल, सीमा पटेल राजेन्द्र कलेट का महत्वपूर्ण योगदान रहा। राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देश अनुसार एवं जिला स्तर से चयनित विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त एकल गायन में कुमारी ख्याति-ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़, नृत्य में कुमारी लाइचु-ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़, वादन में हर्ष राज सिंह-सेंट टेरेसा स्कूल रायगढ़, नाटक में शनि बरेठ-पीएम नटवर स्कूल रायगढ़, दृश्य कला में अमर दास-ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़, जिले का प्रतिनिधित्व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480